## प्राचार्य को ज्ञापन सौपा

**गंगापुर सिटी ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई वजीरपुर के पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं ने गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में अगस्त महीने में परिसर चलो अभियान का शुरू किया।

इसके तहत परिषद के पदाधिकारी-कार्यकर्ता पूरी तरह से प्रयास कर रहे हैं, लेकिन कॉलेज में छात्राओं की उपस्थिति कम हो रही है। कॉलेज में 500 छात्राओं में से 20०-30० ही दिखाई देती हैं। उन्होंने उपस्थिति बढाने के लिए प्रिंसिपल को ज्ञापन दिया। कॉलेज एसएफएस संयोजक पिंकी सैनी ने बताया कि सरकार की ओर से कालेजों की स्थापना एक विशेष उद्देश्य से की गई है।

इसी को ध्यान में रखते हुए कॉलेजों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति को अनिवार्य किया जाए।

एबीवीपी की इकाई सचिव खुशी जागिड ने बताया कि गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में लगभग 500 छात्राएं हैं, लेकिन कॉलेज में 25-30 विद्यार्थी ही दिखाई देती हैं। उन्होंने प्रिंसिपल प्रो. रमेशचंद बैरवा से इस दिशा में कठोर कदम उठाने की मांग की है। एबीवीपी कॉलेज इकाई उपाध्यक्ष राशि ने बताया कि गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज वजीरपुर गंगापुर सिटी में छात्राओं की उपस्थिति कम देखने को मिल रही है।

# उपखण्ड अधिकारी ने निरीक्षण किया, 52 कर्मचारी अधिकारी अनुपस्थित

**पहाड़ी ( निस )।** उपखण्डाधिकारी, तहसीलदार पहाडी ने सोमवार को विभिन्न कार्यलयो का औचक निरीक्षण किया। जिसमें 52 कर्मचारी व अधिकारी अनुपस्थित पाऐ गए।

■ **पंचायत समिति में 23, मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी 6, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी 2, एंव सहायक अभिंयता कार्यलय जेवीवीएनएल पहाड़ी के कार्यलय में 21 अधिकारी कर्मचारी औचक निरीक्षण मे अनुपस्थित पाऐ गए।**



**उपखण्डाधिकारी, तहसीलदार पहाडी ने सोमवार को विभिन्न कार्यलयो का औचक निरीक्षण किया।**

जानकारी के अनुसार उपखण्डाधिकारी सुनीता यादव, तहसीलदार अनील कुमार वर्मा ने पचांयत राज विभाग के पंचायत समिति में 23, मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी 6, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी 2, एंव सहायक अभिंयता कार्यलय जेवीवीएनएल पहाड़ी के कार्यलय में 21 अधिकारी कर्मचारी औचक निरीक्षण मे अनुपस्थित पाऐ गए।

पंचायत राज विभाग के कार्यवाहक विकास अधिकारी मुरारी लाल गौतम, सुन्दर सिह अतिरिक्त विकास अधिकारी के 2 दिवस के, टीकमंचंद मीना सहायक विकास अधिकारी के 3 दिवस के, सहायक अभिंयता गंगाराम 2 दिवस, सतवीर सिह लेखा सहायक द्वितीय, यशवन्त सिह सहायक प्रशासनिक अधिकारी, आर्शीष कुमार एएसओ, श्रीचंद मीना, लौकमणी शर्मा, निरंजन सिह मीना, सतवीर सिह वरिष्ठ सहायक, केजयगोपाल सहायक कर्मचारी के 1 दिवस के, उदय सिह सहायक कर्मचारी 2 दिवस के, बी.सी (एसबीएम) भगवानसिह, कम्प्यूटर ऑपरेटर नरेगा राहुल शर्मा, लोकेश सेनी, इरफान खान, वाहन चालक धमेन्द्र के 2 दिवस के, कनिष्ठ तकनीकी सहायक बलराम के 1 दिवस के, कनिष्ठ तकनीकी सहायक देवदत 3 दिवस के, कनिष्ठ तकनीकी सहायक सुखदेव, लेखा सहायक भूदेव शर्मा, सौजन्य सिह 1 दिवस के, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी वन्दना चौधरी 2 दिवस के, अनिल कुमार संगणक के 1 दिवस के, विधुत विभाग के कुलदीप सिह, दीपक मीणा, सीए द्वितीय, दिनेश कुमार, जीवन लाल, जुबेर खाँ, टीईसीएंच प्रथम, धर्मवीर सिह ईएस, कृष्ण कुमार हेल्पर के 1 दिवस के, सहायक अभिंयता आनन्द तिवारी, राहुल रातावाल कनिष्ठ सहायक, विक्रम कुमार, विक्रम सिह गुर्जर, प्रदीप कुमार, तकनीकी सहायक के 2 दिवस के, चरण सिह, राजेश कुमार, रामकिशन, सुशील कुमार, रवि कुमार तकनीकी सहायक, हर गोविन्द हेल्पर, दामोदर लाल 1 दिवस के, मोहनसिह तकनीकी सहायक 2 दिवस, दिनेश चंद तकनीकी सहायक के 4 दिवस, शिक्षा विभाग के एमआईएस विशाल पाठक, रोबिन वर्मा बीसीआई, सुनीता प्रबोधक 1 दिवस के, पालेन्द्र सिह प्रयोग शाला सहायक, प्रेमप्रकाश शर्मा कनिष्ठ सहायक के 2 दिवस व ललित कुमार वरिष्ठ सहायक एक दिवस के उपस्थिति रजिस्ट्रर मे अनुपस्थित पाए गए है। जिनकी रिपोर्ट अग्रीम कार्यवाही हेतु जिला कलेक्टर को प्रेषित कर दी गई है।

## सार-समाचार

### प्रशिक्षण का समापन

**भरतपुर ( निस )।** ग्रामीण एंव विकास मंत्रालय और राजस्थान सरकार के तत्वाधान में पंजाब नैशनल बैंक द्वारा संचालित पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा गॉव सांतरूक ब्लॉक कुम्हेर जिला डीग में 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आचार पापड मसाला पाउडर मेकिंग बैच का समापन पीएनबी मण्डल प्रमुख प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पीएनबी आरसेटी निदेशक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं ईश वन्दना के साथ किया गया, प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के आचार जैसे नींबू का आचार, आम का आचार, लाल मिर्च का आचार, हरी मिर्च का आचार, करौजा का आचार एवं मूग दाल, उडद दाल बेशन पापड, मसाला पाउडर में गरम मसाला, मैगी मसाला, सांबर मसाला आदि की जानकारी प्राप्त कि तथा निर्मित सभी साम्रगी की प्रशंसा भी की। उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बैंकों से सम्बधित सभी जानकारी बताई गई कि किस प्रकार बैंकों के आधुनिक तरीकों का प्रयोग किस जा सकता है। जैसें पीएनबी वन ऐप, एम पासबुक तथा उनकें द्वारा ऋणों के सम्बधित जानकारियां भी दी गई और यह भी बताया कि किस प्रकार समाज में महिलाओं के लिए सामजिक कुरतिया व्याप्त है, समाज में महिलाओं को पुरूषों से कम समझा जाता है। उनके द्वारा महिलाओं को महिला सशतीकरण के बारे में बताया किस प्रकार वर्तमान में महिलाएं भारत के विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे रही है, उन्होने उदाहरण देते हुए भारत के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के पद पर एक महिला के सेवा का उदाहरण दिया गया। उनके द्वारा सभी महिला प्रशिक्षणाथियों को प्रशिक्षण प्राप्त कर भविष्य में आगे बढने की एवं सफल उद्यमी की शुभकामनाऐं दी।

### कावड़ यात्रा हरिद्वार के लिए रवाना

**भरतपुर( निस )।** सोमवार सुबह देवी मंदिर स्थित रणजीत नगर से भरतपुर साइकिल क्लब की कावड़ यात्रा हरिद्वार के लिए रवाना हो गई। बीसीसी अध्यक्ष पंकज गोयल ने बताया कि कावड़ यात्रा अपनी तरह से अलग है। यह यात्रा साइकिल से अपने तय समयानुसार भरतपुर आएगी। इस दल में कुल 31 सदस्य हैं। भरतपुर संभाग की यह एक अकेली इस तरह की कावड़ यात्रा है। बीसीसी सचिव जीवन जैन ने बताया कि आज यहां देवी मंदिर पर प्रारंभ के समय यहाँ के गणमान्य तथा बुजुर्ग व्यक्तियों ने दुप्पटा पहना कर यात्रा के सकुशल पहुंच कर आने की कामना की तथा कहा कि यह यहां के युवकों का बहुत ही अच्छा धर्म के प्रति एक रुझान होना एक सकारात्मक संकेत है। बीसीसी संरक्षक लोकेश अग्रवाल तथा नवीन पाराशर ने बताया इस कावड़ यात्रा में इस यात्रा में धर्म के साथ पर्यावरण के लिए एक संदेश दे रहे है। जिसमे सदस्य जाते समय नमी बाले एरिया में बीजों का रोपण करते हुए जा रहे है।

### सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया

**डीग( निस )।** पूरे प्रदेश में सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं और हड़ताल के चलते डीग शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। जिसके चलते शहर की वार्डों में जगह जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। सोमवार को सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष लख्मी तमोलिया के नेतृत्व में सफाई कर्मचारी एक जगह एकत्रित हुए तथा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रैली निकाली तथा मुख्य बाजार स्थित नगर परिषद कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की गई। सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष लख्मी तमोलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि वाल्मीकि समाज सफाई कार्य कर अपना जीवन यापन करते हैं। लेकिन सरकार अन्य समाज को भी शामिल कर हमारे अधिकारों का हनन कर रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस भर्ती में शत प्रतिशत वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता दी जाए। तमोलिया कहा कि ऐसे 24 कर्मचारी भी है जो डीग में विभिन्न सरकारी कार्यालयों में लगे हुए हैं। उन्हे अपने मूल पद पर बुलाकर उनसे सफाई कार्य ही कराया जाये। इस मौके पर पप्पू, मनोज, यादराम, परसोत्तम सहित बडी संख्या में बाल्मिकी समाज के लोग उपस्थित थे।

### समस्या के समाधान की मांग की

**भरतपुर ( निस )।** नवीन मंडी यार्ड व्यापार संघ भरतपुर द्वारा जिला कलेक्टर अमित यादव एवं एडीएम सिटी को अध्यक्ष रघुवीर सिंह टुंडा के नेतृत्व में मंडी में जल भराव की कई वर्षों से चली आ रही स्थाई समस्या के निराकरण हेतु ज्ञापन दिया गया। मंडी यार्ड में पिछले 8 वर्षों से जल भराव की समस्या एवं गंदगी के साथ साथ मंडी में रोड को ऊंचा उठाने की मांग आधुनिक लाइट आदि की समस्या चली आ रही है। जल भराव के कारण व्यापारी एवं पल्लेदारों और किसानों को जान का खतरा रहता है। कई बार किसानों एवं पल्लेदारों को सांप एवं जहरीले कीड़ों द्वारा काटा जा चुका है। अगर जिला प्रशासन मंडी में पानी निकासी का स्थाई समाधान नहीं करती है तो व्यापार मंडल को अनिश्चितकाल के लिए मंडी को बंद करना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस अवसर पर रघुवीर सिंह टुंडा, इंजीनियर घमंडी सिंह, अभय जैन, बॉबी, हाकिम सिंह, राधे, मुकेश कुमार, मनीष, तेज प्रकाश, कालीचरण, नीरज, महेश, धनेश चंद, मनोज, अजय आदि व्यापार संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जयकारों से गुंजा जगदीश धाम

**हिण्डौन सिटी ।** श्री जगदीश भक्त मंडल चाँदनगांव से भगवान जगदीश जी की पदयात्रा जगदीश धाम कैमरी पहुंची जहां सम्पूर्ण मंदिर परिशर सहित जगदीश धाम कैमरी में भगवान जगदीश जी के जयकारों से गूंज उठा । जगदीश भक्त मंडल कमेटी अध्यक्ष बहादुर सिंह ने बताया कि हरियाली अमावस्या के अवसर पर रविवार शाम को जगदीश मंदिर पर यात्रा के पहुंचने पर महन्त मनोज शास्त्री ने विधिवत रथ व झंडा का पूजन कराया । श्री कल्याण सेवा चैरीटेबल ट्रस्ट नादौती के अध्यक्ष शीशराम खटाना सहित सदस्य अतर धमाड़ी, सुरेश शर्मा, गोविंद शर्मा ने चाँदनगांव से यात्रा लेकर आये ध्वजवाहक का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा सभी पदयात्रियों को जलपान कराया गया । वहीं पुल की ढाणी कैमरी में गिर्राज पटेल परिवार द्वारा जलपान कराया गया , श्री जगदीश भक्त मंडल चाँदनगांव के सदस्यों ने पूर्व सरपंच सुग्रीव खटाना का भगवान जगदीश जी की प्रतिमा और भगवान का दुपट्टा देकर सम्मान किया गया । इसके बाद भगवान जगदीश जी मंदिर पहुंचे यात्रियों ने भगवान के दर्शन कर धर्म लाभ उठाया और झंडे का पूजन महंत मनोज शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कर भगवान को अर्पित किया । पदयात्रा के भंडारे में सभी पदयात्रियों ने भगवान की प्रसादी ग्रहण की । पदयात्रा में जगदीश भक्त मंडल कमेटी अध्यक्ष बहादुर सिंह सहित कमेटी सदस्य दीवान गुर्जर, भीमराज सहित सैंकडो श्रद्धालु मौजूद रहे ।

## 4 सूत्रीय माँगों के संदर्भ में ज्ञापन प्रेषित किया

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान राज्य राशन विक्रेता संघर्ष समिति के ज़िला संयोजक गौरव सोनी के नेतृत्व में भरतपुर ज़िला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम ज़िला कलेक्टर को अपनी 4 सूत्रीय माँगों के संदर्भ में ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान के उचित मूल्य दुकानदार 1 अगस्त से अपनी 4 सूत्रीय माँगों को लेकर कार्य बहिष्कार पर हैं। जिसके सम्बन्ध में सरकार और प्रशासन द्वारा हमारी माँगों पर सहानुभूतिपूर्वक कोई विचार नही किया गया एवं इसके विपरीत प्रशासन द्वारा उचित मूल्य दुकानदारों के स्थान पर जीएसएस एवं अन्य संगठनों के द्वारा राशन वितरण करने के आदेश जारी किये। उक्त आदेश के चलते हमारे एक उचित मूल्य दुकानदार स्व. रामेश्वर मीणा का सदमा लगने से ह्रदय घात होने से निधन हो गया। साथ ही सरकार से हमारा विनम्र निवेदन है कि हमारी 4 माँगों के अलावा हमारे शहीद हुए उचित मूल्य दुकानदार रामेश्वर मीणा के परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाये और जल्द से जल्द उचित मूल्य दुकानदारों की वर्तमान माँगों का निराकरण किया जाये। राजस्थान की कई वर्षों से राशन डीलर्स उपभोक्ताओं को गेंहू वितरण करके सेवा करते आ रहे हैं। कोरोना काल हो या अन्य आपदा महामारी हो राशन डीलर्स ने हमेशा सहयोग किया है। इसके साथ ही सभी उचित मूल्य दुकानदारों ने शहीद हुए उचित मूल्य दुकानदार रामेश्वर मीना को पुष्पमाला व पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी।

## सार्वजनिक सेवाओं से संबंधित बैठक सम्पन्न

**गंगापुर सिटी ।** जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने कलक्ट्रेट में सोमवार को जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं से संबंधित कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला कलक्टर ने बजट-घोषणा, रेड क्रॉस सोसाइटी के गठन, हरियाली तीज पर वृहद वृक्षारोपण, पेयजल व विद्युत आपूर्ति, मौसमी बीमारी, संपर्क पोर्टल, ई-फाइलिंग निस्तारण समय, आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम आदि की जिले में प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर ने प्रभारी सचिव श्री महेन्द्र सिंह सोनी एवं सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा द्वारा विभिन्न समीक्षा बैठक के दौरान बजट घोषणा में घोषित परियोजनाओं, जिले में संचालित विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में प्रदान किये निर्देशों की अनुपालना की विस्तृत रिपोर्ट विभागवार प्राप्त की। साथ ही उन्होंने इस सम्बन्ध में विभिन्न विभागों द्वारा अब तक की गई कार्यवाही, तैयार प्रस्ताव, आवश्यक स्वीकृतियाँ, प्रगतिरत एवं सम्पादित कार्यो की भी समीक्षा की। डॉ. सैनी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बत्तीलाल मीना से जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के गठन के पश्चात् सकुशल संचालन, पदाधिकारियों की नियुक्ति एवं विस्तार से संबन्धित कार्यवाही का विस्तृत ब्यौरा लिया और नियमानुसार विस्तार कर नियमित बैठकें आहूत करवाने के निर्देश प्रदान किये। जिससे जिले में रेड क्रॉस सोसाइटी की समस्त गतिविधिओं को जनहित में शीघ्र शुरू किया जा सके। साथ ही क्षय रोगियों के उचित पोषण हेतु निर्धारित लक्ष्य के अनुसार निःक्षय मित्र की संख्या में विस्तार करवाने के निर्देश सीएमएचओ को दिए।



**जिला स्तरीय अधिकारियो की बैठक लेते जिला कलेक्टर**

## गंभीर नदी के बहाव में बहे चार छात्र

**बयाना भरतपुर।** पांचना बांध से गंभीर नदी में छोड़ा गया पानी आज जब बयाना क्षेत्र के गांव खिरकवास के पास पहुंचा तो वहां वर्षों बाद नदी में आए पानी को देखने के लिए कौतूहल वश बच्चों व ग्रामीणों की भीड़ लग गई थी । इसी दौरान इस नदी में इसी गांव के दसवीं कक्षा के चार छात्र भी कौतूहल वश नहाने के लिए नदी में उतर गए । जिनमें से दो छात्र अभी लापता है और दो छात्रों को वहां मौजूद एक चरवाहे ने बचा लिया ।देर शाम को भरतपुर से एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई है। मौके पर पहुंचे एसडीएम राजीव शर्मा व तहसीलदार विनोद मीणा ने बताया कि लापता छात्र गांव खिरकवास निवासी लवकुश पुत्र सतवीर व हितेश पुत्र दिनेश गुर्जर बताए हैं। जिनकी तलाश के लिए ग्रामीणों के सहयोग से अभी तक एसडीआरएफ की ओर से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है ।

## प्रवेश लेने की अंतिम तिथि आज

**भरतपुर ( निस )।** महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक पार्ट प्रथम वर्ष के सेमेस्टर प्रथम में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि आज है। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. हरबीर सिंह ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान,जयपुर के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के लिए दस्तावेजों का सत्यापन एवं ई-मित्र पर शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि आज है। प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थी ई-मित्र के माध्यम से बधाई संदेश एवं अन्य मूल दस्तावेजों को महाविद्यालय में लाकर समिति सदस्यों से सत्यापन कराकर प्रवेश शुल्क जमा करायें। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने दस्तावेजों का सत्यापन करा लिया है लेकिन शुल्क जमा नहीं कराया है वे सब विद्यार्थी आज ही अतिशीघ्र शुल्क जमा करा देवें, शुल्क जमा नहीं होने की स्थिति में उनके आवेदन स्वत: निरस्त हो जायेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रवेश प्रक्रिया में विलम्ब शुल्क का कोई प्रावधान नहीं है। मीडिया प्रभारी एवं प्रवेश हेल्प डेस्क समिति के सदस्य प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि आज निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा करवाने वाले प्रवेशित विद्यार्थियों की ही प्रथम सूची का प्रकाशन 8 अगस्त को होगा। प्रवेशित विद्यार्थियों का वर्ग निर्धारण एवं विषय आवंटन शनिवार, 10 अगस्त तक कर दिया जाएगा। स्नातक ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के संयोजक एवं नोडल अधिकारी प्रोफेसर डॉ. महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि आयुक्तालय ने श्रेणीवार रिक्त स्थानों के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया तिथि भी जारी कर दी है।

## आरोपी गिरफ्तार

**नदबई, ।** नगर रोड बाईपास चौराहे पर कट्टा दिखाकर नगदी सहित बाइक व मोबाइल लूट के मामलें में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार कटारा निवासी भानूप्रताप सिंह उर्फ भानू पुत्र वीरेन्द्र सिंह को मुखबिर की सूचना पर डहरा रोड स्थित बस स्टेण्ड से हिरासत में लिया। बाद में जांच पडताल कर आरोपी को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि, गिरफ्तार आरोपी ने 29 जुलाई की रात अपने साथियों के साथ मिलकर बाईपास चौराहे के समीप रौनीजा निवासी निशांत सिंह का अवैध हथियार दिखाते हुए रास्ता रोक लिया।

बाद में 3500 नगदी सहित, बाइक, मोबाइल व दस्तावेज लूटकर फरार हो गया। मामला दर्ज होने पर पुलिस ने जांच पडताल कर आरोपी को वापर्दा गिरफ्तार किया। बाद में आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## सिंघल को ऑटोमोबाइल सोसासटी का अध्यक्ष चुना गया

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर ऑटो मोबाइल सोसासटी के त्रिवर्षीय 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के चुनाव सोसायटी भवन पर यदुवीर सिंह डागुर एडवोकेट चुनाव अधिकारी एवं सहचुनाव अधिकारी कपिल देव चौधरी, राधेश्याम जादौन एडवोकेट, प्रशान्त डागुर एडवोकेट, देवकीनन्दन एवं ओम डागुर ने सम्पन्न कराए। कुल 306 मतदाताओं में से 3281 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान के बाद मतगणना प्रारंभ की गई। 281 मतों से से 4 मत निरस्त पाए गए। चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य के लिए कुल 41 उम्मीदवारों ने अपना भाग्य आजमाया। सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले प्रथम 21 उम्मीदवारों को कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। दीनदयाल खण्डेलवाल को सर्वाधिक 224 मत प्राप्त हुए। इसी प्रकार राकेश कपूर को 220 मत, मोहन सिंघल को 216 मत, बनवारी लाल खण्डेलवाल को 213 मत, विनोद चौटाला ने 210 मत, केशव बंसल को 209 मत, बृजेन्द्र गुप्ता को 209द मत, निरंजन मित्तल को 200 मत, दिनेश कुमार को 191 मत, अनिल कुमार गुप्ता को 190 मत, योगेश खण्डेलवाल को 187 मत, सतीश शर्मा को 176 मत, भूप सिंह जादौन को 175 मत, प्रवीण कुमार लाला को 172 मत, गणेश अग्रवाल को 165 मत, कपिल चौधरी को 157 मत, मोहन लाल जैन को 154 मत, हिमान्शु मित्तल को 153 मत, राकेश कुमार जैन को 153 मत, कपिल मुंजाल को 152 मत एवं सचिन कुमार गर्ग ने 137 मत प्राप्त कर 21 सदस्यीय कार्यकारिणी में चुने गए।

# कच्चे डण्डे के पट्टे नहीं देने पर सैकड़ों महिलाएं व पुरूष धरने पर

**भरतपुर ( निस )।** कच्चा परकोटा नियमन संघर्ष समिति भरतपुर के संयोजक जगराम धाकड के नेतृत्व में कच्चे डंडे के पटटे देने में नगर निगम प्रशासन की आनाकानी एवं बरती गई। लापरवाही के विरोध में कच्चे डंडे वालों ने आयुक्त नगर निगम कार्यालय भरतपुर के सामने रोष प्रकट कर सैकडों महिलाऍ व पुरूष धरने पर बैठ गये। लेकिन आयुक्त नगर निगम भरतपुर बढती हुई भीड को छोडकर जिला कलक्टर कार्यालय में जाकर बैठ गये।

जब आयुक्त बुलाने पर भी नहीं आये तो पूर्व नेता प्रतिपक्ष इन्द्रजीत भारद्वाज ने अपने कपडे उतारकर अर्ध नग्न अवस्था में निगम कार्यालय से लेकर जिला कलक्ट्रेट कार्यालय तक पटिया परिक्रमा देने की घोषणा कर दी। पटिया परिक्रमा की घोषणा करने से पूर्व कच्चे डंडे वालों को सम्बोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष इन्द्रजीत भारद्वाज ने कहा कि कच्चे डंडे को पटटे देने में व्यवधान पैदा शुरू से ही किया जा रहा है जिसमें पूर्व आयुक्त कमलराम मीणा, वीना महावर, भावना शर्मा एवं रिछपाल सिंह बुडरक का व्यवधान पैदा करने में प्रमुख हाथ रहा है।

जिन्होंने कच्चे डंडे की भूमि को गलत तथ्यों के आधार पर गोवर्धन गेट से सहयोग नगर तक के लोगों को पटटे देने से वंचित रखा गया। जिसकी जांच कराने पर कच्चे डंडे की भूमि जलडूब की न होकर आबादी की भूमि प्रमाणित हुई। उक्त स्थान के लोगों से एवं कच्चे डंडे में भारतीय सर्वेक्षण विभाग के प्रतिशिद्ध क्षेत्र दिल्ली दरवाजा, सूरजपोल बुर्ज, फतेह बुर्ज के आसपास रहने वाले लोगों से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से 20 सितम्बर 2023 को स्वीकृति मिलने के बाद पटटा शुल्क विधानसभा चुनाव से पूर्व जमा करा लिया गया था। लेकिन वर्तमान आयुक्त नगर निगम भरतपुर द्वारा राज्य सरकार के आदेश दिनांक 12 जुलाई 2024 की अनुपालना में आज तक एक भी पट्टा जारी नहीं किया गया है। आगे कहा कि वर्तमान सरकार के 12 जुलाई 2024 के आदेश के अनुसार जिन पत्रावलियों का पटटा शुल्क जमा नहीं हुआ उन पत्रावलियों का बोर्ड की बैठक बुलाकर निस्तारित कराने का काम आयुक्त नगर निगम भरतपुर द्वारा नहीं किया जा सका। जिसकी हम कडे शब्दों में निन्दा करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम की लापरवाही एवं अनदेखी के चलते कच्चे डंडे की पत्रावलियों पर अभियान की अन्तिम तिथि 31 मार्च 2024 तक कोई भी सकारात्मक कार्यवाही पूर्व के आयुक्तों एवं वर्तमान के आयुक्त द्वारा भी नहीं की गई जिन्होंने राज्य सरकार से प्राप्त गाइड लाइन एवं सक्षम संबंधित विभागों से प्राप्त अनापत्तियों एवं जांच रिपोर्टों को नजर अंदाज कर एम्पावर्ड कमेटियों से छुपाते हुए 816 लोगों को पट्टों से वंचित रखने का कार्य किया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कच्चे डंडे वालों के सामने एक प्रस्ताव रखते हुए सभी से सहमति ली गई कि अगर सरकार दिनांक 10 अगस्त 2024 के बाद पट्टे देने की तिथि 14 अगस्त 2024 तक नहीं बढाती है तो 15 अगस्त 2024 से भरतपुर के कच्चे परकोटे वाशिंदे भरतपुर से लेकर जयपुर स्थित मुख्यमंत्री आवास पर अपने आपको न्याय दिलाने हेतु पैदल न्याय मार्च निकाला जावे।

जिसका उपस्थित समस्त जन समूह ने समर्थन किया। तदपरांत पूर्व नेता प्रतिपक्ष इन्द्रजीत भारद्वाज ने अर्ध नग्न पटिया परिक्रमा आयुक्त नगर निगम कार्यालय से प्रारम्भ कर मुख्य बाजार होते हुए कलैक्ट्रेट कार्यालय तक देने का आहवान किया।

इस दण्डवत परिक्रमा में श्रीराम चंदेला, बीना पंडित, जगराम धाकड, वीरेन्द्र गोठिया, देवी सिंह, मानसिंह सागर, अनवर खान, मुकेश कुमार, बालकिशन कश्यप, जगदीश खंडेलवाल, महिला वर्ग में सिरोमणि देवी, निर्मला देवी, आशा देवी, इन्द्रा देवी, दयावती, इन्द्रा कौर, शांति देवी, आदि ने भी पटिया परिक्रमा देते हुए जिला कलेक्ट्रेट के गेट तक अर्ध नग्न परिक्रमा दी। जिला कलैक्ट्रेट के बाहर सैकडों की तादाद में पहुँचे महिला पुरूषों को पहले से मौजूद भारी पुलिस बल ने रोक लिया। जहां कच्चे डंडे वालों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया।

# राशन डीलरों ने रैली निकाल कर किया विरोध प्रदर्शन, हडताल जारी



**रैली निकाल कर विरोध जताते राशन डीलर।**

**गंगापुर सिटी ।** जिले में राशन डीलरों ने सोमवार को खाद्य विभाग पर तुकलगी आदेश जारी करने और आदेश के बाद एक राशन डीलर की मौत के मामले को लेकर आक्रोश जाहिर किया। राशन डीलरों ने रैली निकाल और कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को ज्ञापन सौंपा। वहीं राशन डीलरों की विभिन्न मांगों को लेकर 5वें दिन सोमवार को भी हडताल जारी रही। गौरलतब है विगत एक अगस्त से राशन डीलर 3० हजार रुपए मानदेय देने सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हडताल पर है और सोमवार को हडताल का 5वां दिन रहा। सोमवार को जिलाध्यक्ष केदारलाल के नेतृत्व में गंगापुर सिटी जिले के गंगापुर सिटी, गंगापुर ग्रामीण, बामनवास, वजीरपुर, नादौती और टोडाभीम के राशन डीलर पुरानी अनाज मंडी में एकत्रित हुए और यहां से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए पुरानी अनाज मंडी से पंचायत समिति, कलेक्ट्रेट सक्रिल होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां अपनी मांगों को लेकर काफी देर तक नारेबाजी की और कलेक्टर को ज्ञापन दिया। राशन डीलरों ने बताया कि विगत कई वर्षों से राशन डीलर उपभोक्ताओं को गेहूं का वितरण कर सेवा कर रहे है, कोराना काल हो या अन्य आपदा महामारी हो, राशन डीलर्स ने हमेशा सहयोग किया है, लेकिन इसके बाद भी खाद्य विभाग के द्वारा तुकलगी आदेश जारी कर दिए, जिससे विक्रेताओं को मानसिक आघात पहुंच रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके कारण एक राशन डीलर रामेश्वर मीणा को मानसिक आघात पहुंचने के बाद हार्ट अटैक से मौत हो गई। उन्होंने सरकार से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने और 5० लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि वे विगत एक अगस्त से अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर रहे है लेकिन सरकार और प्रशासन उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, जिससे उनमें रोष है।

## फौजी से मारपीट कर लूट ले गए 45 हजार

**नदबई, ।** यहां बेयर हाउस कॉलोनी में दिनदहाडे रिटा. फौजी से मारपीट कर अज्ञात बदमाश करीब 45 हजार की नगदी लूट ले गए। समीपवर्ती लोगों ने रिटा. फौजी का उपजिला चिकित्सालय में उपचार कराया। बाद में पीडित की सूचना पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जांच कर बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, पुलिस को सफलता नही मिल सकी।

सूत्रों की मानें तो रौनीजा निवासी हुकुम सिंह पुत्र गोरधन सिंह ने अपने पोते की बीएड फीस जमा कराने के लिए पीएनबी बैंक खाते से 45 हजार रुपए निकाले। पीडित रिटा. फौजी बैग में राशी रखकर अपने घर जा रहा। इसी दौरान बेयर हाउस कॉलोनी के समीप अज्ञात दो बदमाशों ने मैला डालकर बैग छीनने का प्रयास किया। पीडित रिटा. फौजी ने शोर मचाते हुए बदमाशों का विरोध किया। बाद मे रिटा. फौजी से मारपीट कर अज्ञात बदमाश नगदी बैग लेकर फरार हो गए। समीपवर्ती लोगों ने पीडित का उपजिला चिकित्सालय में उपचार कराया।


**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश-5 के नियम-1 और 5)
न्यायालय सिविल न्यायाधीश स्थान हिण्डौन सिटी कला देवी विरूद्ध राजेश आदि
वाद बाबत स्थाई निषेधाज्ञा वाद सं. 53/24 बनाम (1) राजेश पुत्र रामावतार जाति मीना (2) महेन्द्र पुत्र रामावतार जाति मीना निवासीयान नंगला मीना तह. श्रीमहावीरजी जि. करौली (राज.) वादीगण ने आपके विरूद्ध स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख-07 माह-08 सन्-2024 को दिन में 10.30 A.M बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह वाद ता. 3 माह 8 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
(मुहर) आज्ञा से
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट हिण्डौन सिटी जिला करौली